# भारतीय राज्यव्यवस्था एवं संविधान
# (Indian Polity and Constitution)

## भारत का संवैधानिक विकास

- ☞ **रेग्युलेटिंग एक्ट**, 1773 के तहत **कलकत्ता** में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था।
- ☞ **भारत सरकार अधिनियम, 1919** के द्वारा भारतीय विधानपालिका **प्रथम बार द्वि-सदनीय** बनाई गई।
- ☞ भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत केंद्र में '**द्वैध शासन**' स्थापित किया गया।
- ☞ भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत '**अखिल भारतीय संघ**' की स्थापना के रूप में संघीय शासन की व्यवस्था प्रस्तुत की गई थी।
- ☞ सर्वप्रथम **क्रिप्स मिशन** (1942) द्वारा एक निर्वाचित संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान का निर्माण करने का प्रस्ताव किया गया था।
- ☞ कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अंतर्गत भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया था।
- ☞ 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता अस्थायी अध्यक्ष **डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा** ने की थी।
- ☞ 11 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा ने **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** को '**संविधान निर्मात्री सभा**' के स्थायी अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया।
- ☞ संविधान सभा में 13 दिसंबर, 1946 को 'उद्देश्य प्रस्ताव' पं. जवाहरलाल नेहरू के द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जिसे संविधान सभा ने 22 जनवरी, 1947 को स्वीकार किया।
- ☞ भारतीय संविधान के निर्माण में संविधान सभा को **2 वर्ष, 11 माह एवं 18 दिन** का समय लगा था और इस दौरान **कुल 11** अधिवेशन हुए थे।
- ☞ **सरदार पटेल** संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष थे।

| अन्तरिम मन्त्रिमण्डल (1946) | |
|---|---|
| जवाहरलाल नेहरू | कार्यकारी परिषद के उपाध्यक्ष, विदेशी मामले तथा राष्ट्रमण्डल |
| वल्लभभाई पटेल | गृह, सूचना तथा प्रसारण |
| बलदेव सिंह | रक्षा |
| जान मथाई | उद्योग तथा आपूर्ति |
| आसफ अली | रेलवे |
| जगजीवन राम | श्रम |
| लियाकत अली खां | वित्त |
| जोगेन्द्र नाथ मण्डल | विधि |
| सी. राजगोपालाचारी | शिक्षा |
| राजेन्द्र प्रसाद | कृषि एवं खाद्य |

- ☞ 29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा ने **प्रारूप समिति** की स्थापना की।
- ☞ **डॉ. बी. आर. अम्बेडकर** भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।
- ☞ भारतीय संविधान के निर्माण के समय **बेनेगल नरसिंह राव** (बी.एन. राव) को सांविधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया था।
- ☞ 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा ने अपने चौथे अधिवेशन में सर्वप्रथम भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया।
- ☞ डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान निर्मात्री परिषद की '**तदर्थ झंडा समिति**' के अध्यक्ष थे।
- ☞ **26 नवंबर, 1949** को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया।
- ☞ **26 जनवरी, 1950** को भारतीय संविधान लागू हुआ था।
- ☞ संविधान सभा ने **24 जनवरी, 1950** को '**जन गण मन**' को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया।
- ☞ राष्ट्रगान को गाने का समय लगभग **52 सेकंड** है।
- ☞ भारत शासन द्वारा **राजकीय चिह्न** (State Emblem) को 26 जनवरी, 1950 को अंगीकृत किया गया।
- ☞ भारत का राजकीय चिह्न सारनाथ (वाराणसी) स्थित अशोक के सिंह स्तम्भ की शीर्ष अनुकृति है।

## भारतीय संविधान पर विदेशी प्रभाव

- ☞ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संविधान सर्वोच्च है।
- ☞ भारत की **संघात्मक व्यवस्था**, भारतीय संविधान में **कनाडा** के संविधान से ली गई है।
- ☞ भारत में **न्यायिक पुनरीक्षण** (Judicial Review) की संकल्पना **संयुक्त राज्य अमेरिका** के संविधान से ली गई है।
- ☞ भारत की **संसदीय प्रणाली**, भारतीय संविधान में **ग्रेट ब्रिटेन** (यू.के.) से ली गई है।
- ☞ भारतीय संविधान में '**राज्य के नीति निदेशक तत्वों**' की संकल्पना **आयरलैंड** के संविधान पर आधारित है।
- ☞ भारतीय संविधान में '**मूल अधिकारों**' का विचार **संयुक्त राज्य अमेरिका** के संविधान से लिया गया है।

☞ भारतीय संविधान में **मौलिक कर्तव्यों** का विचार **रूस** (पूर्व सोवियत संघ) के संविधान से लिया गया है।

☞ भारतीय संविधान में **आपात उपबंध** की संकल्पना **जर्मनी** के संविधान से ली गई है।

☞ भारतीय संविधान में '**समवर्ती सूची**' की संकल्पना **ऑस्ट्रेलिया** के संविधान पर आधारित है।

## भारतीय संविधान के विदेशी स्रोत

**संयुक्त राज्य अमेरिका:** मौलिक अधिकार, न्यायिक पुनरावलोकन, संविधान की सर्वोच्चता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, निर्वाचित राष्ट्रपति एवं उस पर महाभियोग, उपराष्ट्रपति, उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को हटाने की विधि एवं वित्तीय आपात।

**ब्रिटेन :** संसदात्मक शासन प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि-निर्माण प्रक्रिया।

**आयरलैंड :** नीति निदेशक सिद्धान्त, राष्ट्रपति के निर्वाचक-मंडल की व्यवस्था, राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में साहित्य, कला, विज्ञान तथा समाज सेवा इत्यादि के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों का मनोनयन।

**ऑस्ट्रेलिया :** प्रस्तावना की भाषा, समवर्ती सूची का प्रावधान, केन्द्र एवं राज्य के बीच संबंध तथा शक्तियों का विभाजन, संसदीय विशेषाधिकार।

**जर्मनी :** आपातकाल के प्रवर्तन के दौरान राष्ट्रपति को मौलिक अधिकार संबंधी शक्तियां।

**कनाडा** : संघात्मक विशेषताएं, अवशिष्ट शक्तियां केन्द्र के पास, राज्यपाल की नियुक्ति विषयक प्रक्रिया।

**दक्षिण अफ्रीका :** संविधान संशोधन की प्रक्रिया का प्रावधान।

**रूस :** मौलिक कर्तव्यों का प्रावधान।

**जापान :** विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया।

## संविधान की प्रस्तावना

☞ प्रस्तावना का **गणतन्त्र** शब्द यह स्पष्ट करता है कि भारत में राष्ट्राध्यक्ष (राष्ट्रपति) वंशानुगत रूप से न होकर निर्वाचित होगा।

☞ संविधान सभा में प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव में अभिव्यक्त विचार को भारतीय संविधान की **प्रस्तावना** में पूर्णतः शामिल किया गया है।

☞ भारतीय संविधान की **प्रस्तावना** को 'संविधान की आत्मा' की संज्ञा दी गई है।

☞ संविधान का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता को **न्याय, स्वतन्त्रता, समानता एवं बन्धुत्व का अधिकार** दिलाना है।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 1** में **भारत तथा इण्डिया दोनों** नाम उल्लिखित हैं।

☞ भारतीय संविधान में **लोकतांत्रिक गणराज्य** प्रणाली को अपनाया गया है।

☞ भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अब तक **मात्र एक बार 1976 में** संशोधन हुआ है।

☞ प्रस्तावना में **42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976** द्वारा संशोधन किया गया।

☞ प्रस्तावना में संशोधन करके **समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखण्डता** शब्द जोड़े गए।

☞ भारतीय गणराज्य में कार्यपालिका की वास्तविक शक्तियां **प्रधानमंत्री** के पास होती हैं।

☞ भारत में राजनीतिक शक्ति का स्रोत **हम भारत के लोग** अर्थात् **जनता** है।

☞ धर्मनिरपेक्ष राज्य उसे कहते हैं **जिसका अपना कोई धर्म न हो।**

☞ संविधान के निर्माताओं के मनोभाव और आदर्श **उद्देशिका** में प्रतिबिम्बित होते हैं।

☞ भारतीय संविधान की **उद्देशिका** को **संविधान की आत्मा** कहा जाता है। लेकिन यदि प्रश्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के संदर्भ में आए तो 'सांविधानिक उपचारों के अधिकार' को संविधान की आत्मा कहा जाता है।

| संविधान के भाग | विषय |
|---|---|
| I | संघ और उसके क्षेत्र |
| II | नागरिकता |
| III | मूलभूत अधिकार |
| IV | राज्य के नीति निदेशक तत्व |
| IV (क) | मूल कर्तव्य |
| V | संघ |
| VI | राज्य |
| VIII | संघ राज्य क्षेत्र |
| IX | पंचायत |
| IX (क) | नगर पालिकाएं |
| X | अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र |
| XI | संघ और राज्यों के बीच संबंध |
| XII | वित्त, संपत्ति, संविदा और वाद |
| XIII | भारत के राज्य क्षेत्र के अंदर व्यापार, वाणिज्य और समागम |
| XIV | संघ और राज्यों के अधीन सेवाएं |
| XIV (क) | अधिकरण |
| XV | निर्वाचन |
| XVII | राजभाषा |
| XVIII | आपात उपबंध |
| XX | संविधान के संशोधन |
| XXI | अस्थायी संक्रमणकालीन और विशेष उपबंध |
| XXII | संक्षिप्त नाम, प्रारंभ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन |

## संविधान में अनुच्छेद और अनुसूची

☞ भारतीय संविधान के मूल पाठ में, **22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां** थीं।

☞ वर्तमान में भारतीय संविधान में **कुल 12 अनुसूचियां** हैं।

☞ भारतीय संविधान में 9वीं अनुसूची राज्य भूमि सुधार अधिनियमों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम 1951 द्वारा सम्मिलित किया गया है।

☞ भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची में **दल-बदल विरोधी कानून** विषयक प्रावधान है। यह अनुसूची 52वें संविधान संशोधन, 1985 के द्वारा जोड़ी गई।

☞ 'शिक्षा', 'विद्युत', 'वन' तथा आर्थिक नियोजन **समवर्ती सूची** में शामिल हैं।

☞ 'कृषि', 'पंचायती राज' (स्थानीय शासन), भूमि सुधार एवं पुलिस **राज्य सूची** में शामिल हैं।

☞ जनगणना, रक्षा, रेलवे तथा वैदेशिक मामले **'संघ सूची'** के विषय हैं।

## भारतीय शासन प्रणाली

☞ भारतीय संविधान में **संसदात्मक शासन प्रणाली** की व्यवस्था की गई है।

☞ संसदात्मक शासन व्यवस्था में कार्यपालिका विधायिका द्वारा नियंत्रित होती है।

☞ भारत में राजनैतिक सत्ता का प्रमुख स्रोत **संसद** है।

## राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

☞ नए राज्य के गठन की शक्ति **संसद** में निहित है।

☞ संविधान के प्रथम अनुच्छेद के अनुसार भारत **'राज्यों का संघ'** (Union) होगा।

☞ भारत में संघ राज्यों का प्रशासन राष्ट्रपति द्वारा होता है।

☞ संविधान में राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन करने का अधिकार **भारतीय संसद** को दिया गया है।

☞ भारतीय संघ में नए राज्यों को प्रवेश देने का अधिकार **संसद** को है।

☞ **आइवर जेनिंग्स ने** 'भारतीय संघ' को ऐसा संघ कहा है जिसमें केंद्रीयकरण की सशक्त प्रवृत्ति है।

☞ भारतीय संघ व्यवस्था को **के.सी. ह्वीयर** ने अर्द्ध-संघीय कहा है।

☞ भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की मांग के संबंध में सर्वप्रथम **एस.के. धर आयोग** (27 नवंबर, 1947) का गठन किया गया।

☞ भाषायी आधार पर राज्यों के गठन की मांग को लेकर **पोट्टी श्री रामल्लू** (15 दिसंबर, 1952) (आंध्र प्रदेश) की आमरण अनशन करते हुए मृत्यु हो गई।

☞ भाषायी आधार पर गठित होने वाला भारत का पहला राज्य **आंध्र प्रदेश** (1 अक्टूबर, 1953 को गठित) है।

☞ 22 दिसंबर, 1953 को गठित राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष **न्यायमूर्ति फजल अली** थे।

☞ **राज्य पुनर्गठन आयोग** के अन्य सदस्य के.एम. पन्निकर तथा हृदयनाथ कुंजरु थे।

☞ **वर्तमान में भारत में 29 राज्य एवं 7 संघीय प्रदेश हैं।**

☞ 2 जून, 2014 को '**तेलंगाना**' औपचारिक तौर पर भारत का **29वां राज्य** बन गया।

## नागरिकता

☞ भारतीय संविधान **एकल नागरिकता** प्रदान करता है।

☞ भारतीय नागरिकता निम्नलिखित तरीकों द्वारा प्राप्त की जा सकती है- (1) **जन्म** द्वारा, (2) **रक्त संबंध** या **वंशक्रम** द्वारा, (3) **रजिस्ट्रीकरण** द्वारा, (4) **देशीकरण** द्वारा, (5) **किसी भू-भाग** के **सम्मिलन** द्वारा।

## मूल अधिकार

☞ भारतीय नागरिकों के **मौलिक अधिकारों** का वर्णन संविधान के **अनुच्छेद 12 से 35** तक हैं।

☞ '**समानता का अधिकार**' भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17 एवं 18 के अंतर्गत समाहित है।

☞ '**अनुच्छेद 15**' धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध करता है।

☞ '**अनुच्छेद 16**' लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समानता सुनिश्चित करता है।

☞ '**अनुच्छेद 17**' के द्वारा अस्पृश्यता का अंत किया गया है।

☞ '**अनुच्छेद 24**' के तहत कारखानों आदि में 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के नियोजन का प्रतिषेध किया गया है।

☞ '**अनुच्छेद 23**' मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिषेध करता है।

☞ संविधान में प्रत्यक्ष रूप से **प्रेस की स्वतंत्रता** का उल्लेख नहीं है किंतु **अनुच्छेद 19(1)** के अंतर्गत वर्णित 'वाक्-स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति-स्वातंत्र्य' के अधिकार में न्यायालय द्वारा इसको सम्मिलित माना गया है।

☞ संविधान का **अनुच्छेद 21** 'प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण' से संबंधित है।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 25** का संबंध धर्म की स्वतंत्रता से है।

☞ **44वें संशोधन** (1978) के पश्चात 'संपत्ति का अधिकार' एक विधिक अधिकार है न कि मूल अधिकार।

☞ मौलिक अधिकारों की संरक्षक न्यायपालिका है।

☞ **अनुच्छेद 32** के तहत सर्वोच्च न्यायालय तथा **अनुच्छेद 226** के तहत उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उपचार प्रदान कर सकते हैं।

☞ **संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम**, 2002 के द्वारा संविधान के भाग-III में नया अनुच्छेद 21 (क) जोड़ा गया जिसके अनुसार राज्य 6-14 वर्ष की आयु के सभी बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करेगा।

☞ इस अनुक्रम में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 संसद द्वारा पारित किया गया जो 1 अप्रैल, 2010 से लागू हुआ।

☞ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रयुक्त 'हिंदू' शब्द के अंतर्गत बौद्ध, जैन एवं सिख शामिल हैं।

## सर्वोच्च तथा उच्च न्यायालय

☞ भारत में सर्वप्रथम एक सर्वोच्च न्यायालय की व्यवस्था **रेग्यूलेटिंग एक्ट, 1773** के तहत की गई थी।

☞ भारत शासन अधिनियम, 1935 द्वारा संघ में **संघीय न्यायालय** (Federal Court) की स्थापना की गई।

☞ भारत में सर्वोच्च न्यायालय को संविधान का **संरक्षक** कहा गया है क्योंकि संविधान के उपबन्धों की व्याख्या के संबंध में अंतिम निर्णय देने का प्राधिकार उसमें निहित है।

☞ उच्चतम न्यायालय की स्थापना, गठन, अधिकारिता और शक्तियों का विनियमन करने के लिए विधि बनाने की शक्ति **भारतीय संसद** को प्राप्त है।

☞ उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन संबंधी प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 124** में दिए गए हैं।

☞ संविधान की व्याख्या **न्यायपालिका** करती है।

☞ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन, पेंशन और भत्ते भारत की **संचित निधि** को प्रभारित किए जाते हैं।

☞ वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में एक मुख्य न्यायाधीश के अलावा अधिकतम **30 अन्य न्यायाधीश** हो सकते हैं।

☞ **के. एस. हेगड़े** ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश तथा लोक सभा अध्यक्ष दोनों पदों को सुशोभित किया।

☞ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति **संसद** के पास है।

☞ **सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** संसद में **संविधान के अनुच्छेद 124(4) में विहित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्ताव** पारित होने के बाद भारत के राष्ट्रपति द्वारा हटाए जा सकते हैं।

☞ सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु **65 वर्ष** है।

☞ सेवानिवृत्त होने के पश्चात सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसी भी न्यायालय में वकालत नहीं कर सकते हैं।

☞ सर्वोच्च न्यायालय ने '**संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत**', 'केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य' मामले (1973) में प्रतिपादित किया गया था।

☞ **राष्ट्रपति** को सर्वोच्च न्यायालय से कानूनी मामलों पर परामर्श लेने का अधिकार अनुच्छेद 143 के तहत प्राप्त है।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 32** (संवैधानिक उपचारों का अधिकार) के तहत सर्वोच्च न्यायालय भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करता है।

☞ देश के किसी भी न्यायालय में चल रहे वाद को अन्यत्र भेजने का अधिकार **सर्वोच्च न्यायालय** के पास है।

☞ **जनहित याचिका** की शुरुआत वर्ष 1980 के दशक में सर्वोच्च न्यायालय की पहल पर हुई थी।

☞ **लोकहित वाद** (मुकदमे) की संकल्पना का उद्भव यू.एस.ए. (अमेरिका) से हुआ है।

☞ भारत में लोकहित वाद की शुरुआत का श्रेय पी. एन. भगवती को जाता है।

☞ सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश **मीरा साहिब फातिमा बीबी** थीं।

☞ सर्वोच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति **हीरालाल जे. कानिया** थे।

☞ **उच्च न्यायालय** राज्य की सर्वोच्च न्यायिक अदालत होती है।

☞ संविधान के **अनुच्छेद 214 में** कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा।

☞ संसद को **अनुच्छेद 231** के तहत यह शक्ति प्राप्त है कि वह दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना कर सकती है।

☞ वर्तमान समय में भारत में कुल **24** उच्च न्यायालय हैं।

☞ सर्वप्रथम **मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई** उच्च न्यायालयों की स्थापना की गई।

☞ **दिल्ली** संघ राज्य क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय है।

☞ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है।

☞ एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को संबोधित करता है।

☞ पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने **चालित न्यायालय** (Mobile Court) की परिकल्पना की थी।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 226** के तहत उच्चा न्यायालय भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करता है।

## राज्य की नीति के निदेशक तत्व

☞ राज्य की नीति के निदेशक तत्व संविधान में **भाग 4** के तहत **अनुच्छेद 36 से 51** के अंतर्गत शामिल किए गए हैं।

☞ राज्य के नीति-निदेशक तत्वों में भारत के कल्याणकारी राज्य का विचार पाया जाता है।

☞ नीति-निदेशक सिद्धांत वाद योग्य नहीं हैं, ये न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं।

☞ भारत में राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत के अंतर्गत '**पंचायती राज प्रणाली**' की व्यवस्था की गई है।

☞ भारत के संविधान का **अनुच्छेद 39** भारत को कल्याणकारी राज्य घोषित करता है।

☞ संविधान का **अनुच्छेद 40** ग्राम पंचायतों के गठन से संबंधित है।

☞ एक समान सिविल संहिता **अनुच्छेद 44** से संबद्ध है।

☞ राज्य 0 - 6 वर्ष तक के शिशुओं के लिए निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का प्रबंध करे, यह प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 45** में किया गया है।

☞ **अनुच्छेद 48क** का संबंध पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा के संबंध में राज्य के दायित्व से है।

☞ अन्तरराष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा से संबंधित निदेशक तत्व **अनुच्छेद 51** में उपबन्धित किया गया है।

☞ **42वें संवैधानिक संशोधन, 1976** द्वारा राज्य के नीति निदेशक तत्वों को मौलिक अधिकारों की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली बनाया गया।

☞ **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** की स्थापना वर्ष 1993 में की गई।

☞ **राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम** संसद ने वर्ष 1990 **में** पारित किया।

☞ **राष्ट्रीय महिला आयोग** का गठन 31 जनवरी 1992 को किया गया।

## मूल कर्तव्य

☞ भारतीय संविधान में भाग IV–A, के तहत अनुच्छेद 51–क के अंतर्गत नागरिकों के मूल कर्तव्यों को 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा जोड़ा गया था, जो कि **स्वर्ण सिंह समिति** की संस्तुतियों पर आधारित था।

☞ वर्तमान में मूल कर्तव्यों की संख्या (86 वें संविधान संशोधन 2002 के पश्चात) 11 है।

## राष्ट्रपति

☞ संविधान के अनुच्छेद 52 में '**भारत का एक राष्ट्रपति होगा**' व्यवस्था की गई है।

☞ संघ सरकार का संवैधानिक प्रमुख **राष्ट्रपति** होता है।

☞ भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए किसी उम्मीदवार को **35 वर्ष** की आयु पूरी कर लेनी चाहिए।

☞ संघ के रक्षा बलों का सर्वोच्च समादेश राष्ट्रपति में निहित होगा।

☞ भारतीय संविधान के अनुसार केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति **राष्ट्रपति** में निहित है।

☞ राष्ट्रपति के कार्यकाल की अवधि शपथ ग्रहण के दिन से **5 वर्ष** की होती है।

☞ भारतीय संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 57 के तहत कोई व्यक्ति **पुनः राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित** हो सकता है।

☞ राष्ट्रपति को कार्यकाल पूरा होने से पहले **अनुच्छेद 61** के द्वारा हटाया (महाभियोग प्रक्रिया द्वारा) जा सकता है।

☞ महाभियोग प्रक्रिया की जांच के दौरान **राष्ट्रपति** स्वयं संसद में उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है।

☞ राष्ट्रपति पद के रिक्त होने की तिथि से **6 माह के भीतर** चुनाव किसी भी दशा में हो जाना चाहिए।

☞ भारत के राष्ट्रपति **एन. संजीव रेड्डी** निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

☞ भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन **भारत का निर्वाचन आयोग** करवाता है।

☞ राष्ट्रपति का निर्वाचन **आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय हस्तांतरण मत प्रणाली के आधार पर** होता है।

☞ निर्वाचक मण्डल में **संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य तथा राज्यों की विधान सभाओं एवं संघीय क्षेत्रों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य सम्मिलित होते हैं।**

☞ संसद के सत्रावसान के दौरान **राष्ट्रपति** अनुच्छेद 123 के अनुसार अध्यादेश जारी करता है।

☞ राष्ट्रपति का अध्यादेश **छह महीने** की अवधि के लिए लागू रहता है।

☞ राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में, राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन **उपराष्ट्रपति** करता है।

☞ राष्ट्रपति अनुच्छेद 331 के तहत **आंग्ल-भारतीय समुदाय** के दो सदस्यों को लोक सभा के लिए मनोनीत करता है।

☞ अब तक दो राष्ट्रपतियों **डॉ. जाकिर हुसैन व फखरुद्दीन अली अहमद** की मृत्यु उनके कार्यकाल के दौरान हुई।

☞ भारत के राष्ट्रपति **नीलम संजीव रेड्डी** थे, जो लोक सभा अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री भी रहे।

☞ प्रधानमंत्री तथा प्रधानमंत्री की सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ भारत के महान्यायवादी, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, मुख्य

चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों, राज्यों के राज्यपाल आदि की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ संसद के सत्र को बुलाने, सत्रावसान करने तथा लोक सभा भंग करने संबंधी अधिकार **राष्ट्रपति** के पास हैं।

☞ भारत के राष्ट्रपति **बाबू राजेन्द्र प्रसाद,** दो बार राष्ट्रपति के पद पर रहे थे।

☞ **डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम** भारत के पहले गैर-राजनीतिज्ञ राष्ट्रपति थे।

☞ भारत सरकार विदेशों से कोई भी समझौता या संधि **राष्ट्रपति** के नाम से करती है।

☞ सर्वप्रथम राष्ट्रपति शासन **पेप्सू** (पंजाब) में लागू किया गया।

☞ राष्ट्रपति शासन की राज्य में अधिकतम अवधि **3 वर्ष** हो सकती है।

☞ भारत के राष्ट्रपति को, **आत्यन्तिक, निलम्बनकारी और जेबी वीटो (पॉकेट वीटो) की संयोजन** शक्ति प्राप्त है।

☞ राष्ट्रपति पद के चुनाव संबंधी विवाद को **उच्चतम न्यायालय** द्वारा निर्णीत किया जाता है।

☞ संविधान के अतिक्रमण के आधार पर राष्ट्रपति पर **महाभियोग प्रस्ताव** लाया जा सकता है।

☞ राष्ट्रपति के विरुद्ध **संसद का कोई भी सदन** महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है।

☞ राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र **उपराष्ट्रपति** को दे सकता है।

☞ राष्ट्रपति राज्य सभा में **12 सदस्यों** को मनोनीत करता है।

☞ **धन विधेयक** तथा **वित्त विधेयक** राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से ही लोक सभा में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

☞ संविधान का **अनुच्छेद 72** राष्ट्रपति को क्षमादान का अधिकार देता है।

☞ राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक **अनुच्छेद 108** के तहत बुलाता है।

☞ भारत की पहली महिला राष्ट्रपति **श्रीमती प्रतिभा पाटिल** बनीं।

☞ राष्ट्रपति को उसके पद की शपथ सर्वोच्च न्यायालय का **मुख्य न्यायाधीश** दिलवाता है।

☞ राष्ट्रपति संविधान के **अनुच्छेद 352** के अन्तर्गत राष्ट्रीय आपात स्थिति घोषित कर सकता है।

☞ विदेशों में स्थित भारत के राजदूतों की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ भारत का राष्ट्रपति **अनुच्छेद 143** के अधीन किसी मामले को सलाहकारी राय के लिए भारत के उच्चतम न्यायालय को भेज सकता है।

## उपराष्ट्रपति

☞ **अनुच्छेद 63** के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा।

☞ राष्ट्रपति की मृत्यु हो जाने पर **उपराष्ट्रपति** उसके कार्यभार को जब तक अगला निर्वाचित राष्ट्रपति अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता तब तक संभालता है।

☞ जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के कार्यभार को संभालता है तब वह **राष्ट्रपति** के समान ही वेतन तथा सुविधाओं का हकदार होता है।

☞ उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल के सदस्य **संसद के दोनों सदनों** के सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचकगण होते हैं।

☞ उपराष्ट्रपति **राष्ट्रपति** को सम्बोधित लेख द्वारा अपने कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व पद त्याग कर सकता है।

☞ उपराष्ट्रपति को कार्यकाल पूरा होने से पूर्व राज्य सभा के **साधारण बहुमत** द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा, जिसकी स्वीकृति लोक सभा करे, पद से हटाया जा सकता है।

☞ सर्वाधिक समय तक उपराष्ट्रपति के पद पर **डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन** आसीन रहे।

☞ **वी.वी. गिरि** सबसे कम समय तक उपराष्ट्रपति पद पर आसीन रहे।

☞ राष्ट्रपति पद की रिक्तता की स्थिति में उपराष्ट्रपति भी उपलब्ध न हो तो राष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन सर्वोच्च न्यायालय का **मुख्य न्यायाधीश** करेगा।

☞ उपराष्ट्रपति **राज्य सभा** का पदेन सभापति होता है।

☞ उपराष्ट्रपति अपने पद ग्रहण की शपथ **राष्ट्रपति** के समक्ष लेता है।

☞ **अनुच्छेद 67** के अनुसार उपराष्ट्रपति अपने पद ग्रहण की तारीख से 5 वर्ष तक पद पर बना रह सकता है।

☞ दो बार लगातार उपराष्ट्रपति पद पर रहने वाली विभूतियां हैं- **डॉ. एस. राधाकृष्णन** एवं **हामिद अन्सारी।**

## संघीय मंत्रिपरिषद तथा प्रधानमंत्री

☞ संविधान के अनुसार समस्त कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित है तथापि वास्तविकता में कार्यपालिका की समस्त शक्ति **मंत्रिपरिषद** में निहित होती है।

☞ **अनुच्छेद 74** के अनुसार, राष्ट्रपति को सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति इसी मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करेगा।

☞ सामान्यतया लोक सभा में बहुमत वाले दल के नेता को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करता है। इससे संबंधित प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 75(1)** में हैं।

☞ **अनुच्छेद 75(1)** के अनुसार, प्रधानमंत्री के अतिरिक्त अन्य मंत्रियों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सलाह पर **राष्ट्रपति** करता है।

☞ मंत्रिमण्डल में **प्रधानमंत्री** तथा अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल रहते हैं।

☞ प्रधानमंत्री सहित, मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ **राष्ट्रपति** दिलाता है।

☞ प्रधानमंत्री किसी **गैर सांसद** को मंत्रिपरिषद में शामिल कर सकता है। बशर्ते 6 महीने के अंदर वह संसद की सदस्यता हासिल कर ले।

☞ राज्य सभा में **मनोनीत** व्यक्ति भी मंत्रिपरिषद का सदस्य बन सकता है।

☞ मंत्रिपरिषद का कोई भी सदस्य किसी सदन का सदस्य न होते हुए भी अधिकतम **छः माह** तक मंत्री पद पर बना रह सकता है।

☞ राष्ट्रपति **प्रधानमंत्री** की सलाह पर मंत्रिपरिषद के किसी सदस्य को बर्खास्त कर सकता है।

☞ मंत्रिपरिषद के सदस्य सामूहिक रूप से **लोक सभा** के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

☞ 91वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार यह व्यवस्था की गई है कि मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संख्या लोक सभा के कुल सदस्यों के **15 प्रतिशत** से अधिक नहीं होगी।

☞ यदि किसी मंत्री के विरुद्ध लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता है तो **संपूर्ण मंत्रिपरिषद** को त्यागपत्र देना पड़ता है।

☞ **प्रधानमंत्री** की मृत्यु पर मंत्रिपरिषद तुरंत विघटित हो जाती है।

☞ मंत्रिपरिषद की बैठकों की अध्यक्षता **प्रधानमंत्री** करता है।

☞ यदि किसी भी दल को लोक सभा में बहुमत प्राप्त नहीं होता है तो राष्ट्रपति उसे प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करेगा जिसके संबंध में राष्ट्रपति यह समझता हो कि उसे **लोक सभा** में बहुमत प्राप्त है।

☞ भारत के **चौधरी चरण सिंह** ऐसे प्रधानमंत्री थे जो प्रधानमंत्री बनने के बाद एक दिन भी संसद नहीं गए।

☞ भारत के संसदीय इतिहास में सबसे कम दिनों तक प्रधानमंत्री रहने वाले व्यक्ति **चौधरी चरण सिंह** हैं।

☞ **गुलजारी लाल नन्दा** ने दो बार प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।

☞ सबसे कम आयु तथा सबसे अधिक आयु में भारत के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने वाले व्यक्ति **क्रमशः राजीव गांधी तथा मोरारजी देसाई** रहे।

☞ **लाल बहादुर शास्त्री** ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनकी मृत्यु विदेश में हुई।

☞ **श्रीमती इन्दिरा गांधी** ने 'आन्तरिक अशान्ति' को आधार बनाकर आपातकाल लागू किया था।

☞ भारत के पहले उप प्रधानमंत्री **सरदार वल्लभभाई पटेल** थे।

☞ अब तक **7 (सरदार वल्लभभाई पटेल, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, जगजीवन राम, यशवंत राव चव्हाण, चौधरी देवी लाल, लालकृष्ण आडवाणी)** व्यक्ति उपप्रधानमंत्री पद पर रह चुके हैं।

☞ **श्रीमती इन्दिरा गांधी तथा मनमोहन सिंह** ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो प्रधानमंत्री बनते वक्त राज्य सभा के सदस्य थे।

☞ प्रधानमंत्री को **जब तक लोक सभा का विश्वास मत प्राप्त होता है,** तब तक अपने पद पर बना रहता है।

## महान्यायवादी और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)

☞ भारत सरकार का मुख्य विधि परामर्शदाता '**भारत का महान्यायवादी** (The Attorney General for India) होता है।

☞ संविधान के **अनुच्छेद 76** के अनुसार, भारत सरकार को कानूनी मामलों में परामर्श देने के लिए राष्ट्रपति महान्यायवादी की नियुक्ति करता है।

☞ महान्यायवादी को संसद के दोनों सदनों में बोलने, अन्य कार्यवाहियों में सम्मिलित होने एवं किसी भी संसदीय कमेटी का सदस्य होने का अधिकार तो है, परंतु उसे वोट देने का अधिकार नहीं है।

☞ वर्तमान में भारत के महान्यायवादी **के.के. वेणुगोपाल** हैं।

☞ संविधान के **अनुच्छेद 165** के अनुसार, राज्य सरकार को कानूनी मामलों में परामर्श देने के लिए राज्यपाल महाधिवक्ता (Advocate General) की नियुक्ति करता है।

☞ महाधिवक्ता राज्य सरकार का **प्रथम विधिक सलाहकार** होता है।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 148 (1)** के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

☞ कैग भारत सरकार के लेखों का लेखा परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है तथा राज्य सरकारों के लेखों का लेखा परीक्षण कर रिपोर्ट संबंधित राज्य के राज्यपाल को सौंपता है।

☞ भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का **कार्यकाल 6 वर्ष** का होता है या **अधिकतम 65 वर्ष की उम्र** तक सेवारत रह सकता है, इनमें से जो पहले हो।

☞ कैग को **लोक निधि का अभिभावक** भी कहा जाता है।

## संसद

☞ **लोक सभा** में राज्यवार सीटों का आवंटन वर्ष 1971 की जनगणना पर आधारित है। यह निर्धारण वर्ष 2026 तक यथावत रहेगा।

☞ **लोक सभा** के लिए निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 25 वर्ष है।

☞ **राज्य सभा** के लिए निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 30 वर्ष है।

☞ लोक सभा चुनाव में यदि कोई प्रत्याशी वैध मतों का 1/6 भाग प्राप्त नहीं कर पाता तब उस उम्मीदवार की जमानत राशि जब्त हो जाती है।

- ☞ लोक सभा की वर्तमान सदस्य संख्या **545** है, (अधिकतम 552 हो सकती है) जिसमें 530 राज्यों से, **13** केंद्रशासित प्रदेशों से और **2** एंग्लो इंडियन समुदाय से हैं।
- ☞ लोक सभा को कार्यकाल पूरा होने के पहले प्रधानमंत्री की सिफारिश पर **राष्ट्रपति** द्वारा भंग किया जा सकता है।
- ☞ लोक सभा के एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के बीच 6 माह से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए।
- ☞ **उत्तर प्रदेश** राज्य का लोक सभा व राज्य सभा में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व है। इसे लोक सभा में **80** स्थान और राज्य सभा में **31** स्थान आवंटित हैं।
- ☞ लोक सभा के **स्पीकर** का चयन लोक सभा के सभी सदस्यों द्वारा किया जाता है।
- ☞ वर्तमान में लोक सभा की स्पीकर श्रीमती **सुमित्रा महाजन** हैं।
- ☞ लोक सभा का **स्पीकर** (अध्यक्ष) अपना त्यागपत्र लोक सभा उपाध्यक्ष को सौंपता है।
- ☞ लोक सभा के वर्तमान उपाध्यक्ष **एम. थम्बी दुरई** हैं।
- ☞ **जी.वी. मावलंकर** लोक सभा के प्रथम स्पीकर थे।
- ☞ लोक सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष श्रीमती **मीरा कुमार** हैं।
- ☞ राज्य सभा को स्थायी सदन कहते हैं, क्योंकि इसे विघटित नहीं किया जा सकता है।
- ☞ राज्य सभा में **250** सदस्य होते हैं, जिनमें से **12** सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
- ☞ राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है तथा इसके 1/3 सदस्य प्रत्येक 2 वर्ष की समाप्ति पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं।
- ☞ **नरगिस दत्त** भारत की प्रथम अभिनेत्री थीं जिन्हें राज्य सभा के लिए नामांकित किया गया था।
- ☞ राज्य सभा के वर्तमान सभापति **एम. वैंकैया नायडू** हैं।
- ☞ भारतीय **संसद** लोक सभा, राज्य सभा और राष्ट्रपति से मिलकर बनती है।
- ☞ भारतीय **संसद** के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोक सभा के अध्यक्ष करते हैं।
- ☞ कोई विधेयक 'धन विधेयक है या नहीं' इसका विनिश्चिय संविधान के **अनुच्छेद 110(3)** के अनुसार लोक सभा अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
- ☞ सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, 12 अक्टूबर, 2005 से प्रभावी हुआ।

## राज्यपाल

- ☞ **अनुच्छेद 153** के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा।
- ☞ एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों के लिए **राज्यपाल** नियुक्त किया जा सकता है।
- ☞ राज्यपाल राज्य सरकारों का संवैधानिक प्रमुख होता है।
- ☞ संविधान के **अनुच्छेद 155** के तहत राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- ☞ **सरोजिनी नायडू** भारत की प्रथम महिला हैं, जिन्हें राज्यपाल पद पर मनोनीत किया गया। वह 15 अगस्त, 1947 से 1 मार्च, 1949 तक उत्तर प्रदेश की राज्यपाल थीं।

## मुख्यमंत्री तथा राज्य मंत्रिपरिषद

- ☞ संविधान के **अनुच्छेद 163(1)** में यह प्रावधान है कि राज्यपाल को उसके कार्यों में सहायता व सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होगा।
- ☞ राज्य मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से राज्य की **विधान सभा** के प्रति उत्तरदायी होती है।
- ☞ सामान्यत: राज्यपाल **राज्य विधान सभा** में बहुमत प्राप्त दल के नेता को मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त करता है।
- ☞ मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ **राज्यपाल** दिलाता है।
- ☞ किसी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री **श्रीमती सुचेता कृपलानी** थीं।
- ☞ सुचेता कृपलानी **उत्तर प्रदेश** की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं।
- ☞ भारत की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री **सुश्री मायावती** (उ.प्र.) थीं।

## राज्य विधानमंडल

- ☞ संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर करेगा।
- ☞ वर्तमान में देश के मात्र 7 राज्यों- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, जम्मू एवं कश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में **द्विसदनात्मक विधायिका** (विधान सभा और विधानपरिषद) अस्तित्व में है।
- ☞ विधान सभा का अध्यक्ष (**स्पीकर**) अपना त्यागपत्र विधान सभा उपाध्यक्ष को सौंपता है।
- ☞ राज्य की विधान सभा के सत्रावसान का आदेश **राज्यपाल** द्वारा दिया जाता है।
- ☞ जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री की कार्य-अवधि 6 वर्ष होती है।

## केंद्र-राज्य संबंध

- ☞ केंद्र-राज्य के मध्य विभाजित विषयों को संविधान की **7वीं अनुसूची** में वर्णित किया गया है।
- ☞ **7वीं अनुसूची** के विषयों को तीन सूचियों यथा संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची में विभाजित किया गया है।
- ☞ 42वें संसोधन अधिनियम द्वारा राज्य सूची के पांच विषयों को समवर्ती सूची में शामिल कर दिया गया है।

☞ ये विषय हैं- शिक्षा, वन, वन्य जीवों एवं पक्षियों का संरक्षण, नापतौल और न्याय प्रशासन।

☞ संघ सूची में 99 विषय, राज्य सूची में 61 विषय तथा समवर्ती सूची में 52 विषय हैं।

☞ समवर्ती सूची पर संघ और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। यदि संघ व राज्य के कानूनों में अंतर्विरोध होता है तो संघ का कानून मान्य होता है।

☞ **सरकारिया आयोग** की सिफारिशों का संबंध, केंद्र और राज्यों के पारस्परिक संबंधों से है।

## आपात उपबंध

☞ राष्ट्रपति, **अनुच्छेद 352** के तहत युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति में **राष्ट्रीय आपातकाल** की घोषणा कर सकता है।

☞ राष्ट्रपति **अनुच्छेद 356** के तहत राज्यों में संवैधानिक तंत्र की विफलता की स्थिति में '**राष्ट्रपति शासन**' की उद्घोषणा कर सकता है।

☞ राष्ट्रपति **अनुच्छेद 360** के तहत आर्थिक संकट की स्थिति में **वित्तीय आपातकाल** की घोषणा कर सकता है।

## वित्त आयोग एवं योजना आयोग

☞ संविधान के **अनुच्छेद 280** के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर या आवश्यकतानुसार इससे पहले एक **वित्त आयोग** का गठन किया जाएगा।

☞ वित्त आयोग एक **संवैधानिक संस्था** है।

☞ **वित्त आयोग** का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के शुद्ध आगमों के आवंटन के बारे में और राज्यों के बीच वितरण करने के संबंध में राष्ट्रपति को सिफारिश प्रस्तुत करना है।

☞ पहले **वित्त आयोग** का गठन वर्ष 1951 में हुआ था।

☞ वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष **एन.के. सिंह** हैं।

☞ पहले वित्त आयोग के अध्यक्ष **के.सी. नियोगी** थे।

☞ 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग की स्थापना केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा एक विशेष प्रस्ताव पारित कर हुई थी।

☞ **योजना आयोग** एक गैर-संवैधानिक या संविधानेत्तर संस्था थी।

☞ भारत के योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष **पंडित जवाहरलाल नेहरू** थे।

☞ योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता था।

☞ योजना आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष **गुलजारीलाल नंदा** थे।

## नीति आयोग

☞ 1 जनवरी, 2015 को सरकार ने योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान- National Institution for Transforming India) की स्थापना की।

☞ भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री **अरविंद पनगड़िया** नीति आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष थे।

☞ **नीति आयोग** का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

☞ वर्तमान में नीति आयोग के उपाध्यक्ष **राजीव कुमार** हैं।

☞ **नीति आयोग** का गठन मंत्रिमण्डल के एक प्रस्ताव द्वारा हुआ तथा यह एक परामर्शदात्री एवं संविधानेतर संस्था है।

☞ **राष्ट्रीय विकास परिषद** का गठन 6 अगस्त, 1952 को किया गया था।

## संघ और राज्यों के अधीन सेवाएं

☞ भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत भारत में सर्वप्रथम **लोक सेवाओं** का जन्म हुआ।

☞ भारत में सर्वप्रथम **लोक सेवा आयोग** की स्थापना 1 अक्टूबर, 1926 को की गई।

☞ वर्ष 1926 में भारत में सर्वप्रथम गठित लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष **सर रोश बार्कर** थे।

☞ भारत में प्रशासनिक सेवा का जनक **लॉर्ड कार्नवालिस** को माना जाता है।

☞ भारतीय सिविल सेवा में चुने जाने वाले पहले व्यक्ति **सत्येंद्र नाथ टैगोर** (वर्ष 1863) थे।

☞ इस समय भारत में तीन (भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा तथा भारतीय वन सेवा) अखिल भारतीय सेवाएं हैं।

☞ **भारतीय वन सेवा** नामक तीसरी अखिल भारतीय सेवा का गठन वर्ष 1966 में किया गया।

☞ संघ के अधीन लोक सेवक राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करते हैं।

☞ अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन से संबंधित प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 312** में दिए गए हैं।

☞ दो या दो से अधिक राज्यों के लिए संयुक्त लोक सेवा आयोग का प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 315 (2)** में है।

☞ संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की पदावधि 6 वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु जो भी इसमें पहले हो, होती है।

☞ संघ लोक सेवा आयोग का व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होता है।

☞ संघ लोक सेवा आयोग की प्रथम महिला अध्यक्ष **श्रीमती रोज मिलयन बेथ्यू** थीं।

☞ राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति **राज्यपाल** करता है।

☞ राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति **6 वर्ष** के लिए या **62 वर्ष** जो भी पहले आए, तक के लिए होती है।

☞ संयुक्त राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

## निर्वाचन आयोग

☞ संविधान के **अनुच्छेद 324 (2)** के तहत भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

☞ मुख्य चुनाव आयुक्त को उन्हीं तरीकों से हटाया जा सकता है जो **अनुच्छेद 124(4)** में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने के लिए वर्णित हैं।

☞ संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत वयस्क मताधिकार का प्रावधान किया गया है।

☞ **61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1988** द्वारा मताधिकार की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया।

☞ निर्वाचन आयोग को बहुसदस्यीय सर्वप्रथम 16 अक्टूबर, 1989 को बनाया गया।

☞ 1990 में यह पुनः एक सदस्यीय हो गया।

☞ 1 अक्टूबर 1993 से चुनाव आयोग बहुसदस्यीय बना हुआ है।

☞ वर्तमान समय में निर्वाचन आयोग त्रि-सदस्यीय है।

☞ **एस.एस. धनोआ बनाम भारत संघ** के वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 (2) के अधीन निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति एवं पदच्युति की शक्ति (मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश पर) राष्ट्रपति में निहित है।

☞ भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त **सुकुमार सेन** थे।

☞ **मुख्य निर्वाचन आयुक्त** का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है किंतु वह इसके पूर्व भी पदमुक्त हो सकता है, यदि वह 65 वर्ष की आयु पूरी कर ले।

☞ किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल या राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता **निर्वाचन आयोग** प्रदान करता है।

☞ संसद एवं राज्य विधानमंडलों का निर्वाचन वयस्क मताधिकार पद्धति से होता है।

☞ राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्हों का आवंटन **निर्वाचन आयोग** करता है।

☞ चुनाव में धांधली होने की स्थिति में चुनाव रद्द करने का अधिकार **चुनाव आयोग** को है।

☞ भारत में एक **राष्ट्रीय दल** के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए किसी दल को कम-से-कम **6% वैध मत चार या अधिक राज्यों** में प्राप्त करने चाहिए तथा किसी राज्य या राज्यों से लोक सभा की कम से कम **4 सीटों पर विजय** प्राप्त करना आवश्यक है।

☞ क्षेत्रफल की दृष्टि से **लद्दाख** (जम्मू और कश्मीर) संसदीय चुनाव क्षेत्र सबसे बड़ा है।

☞ राजनीतिक दलों के लिए आचार संहिता **निर्वाचन आयोग** तैयार करता है।

☞ संसद तथा विधानमंडल के निर्वाचन संबंधी विवादों का निपटारा **उच्चतम न्यायालय** करता है।

☞ राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के निर्वाचन संबंधी विवादों का निपटारा **उच्चतम न्यायालय** करता है।

☞ **25 जनवरी** को '**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**' मनाया जाता है।

**प्रमुख क्षेत्रीय दल एवं उनका चुनाव चिह्न**

| दल | चुनाव चिन्ह | राज्य |
|---|---|---|
| तेलुगू देशम | साइकिल | आन्ध्र प्रदेश |
| समाजवादी पार्टी | साइकिल | उत्तर प्रदेश |
| असम गण परिषद | हाथी | असम |
| झारखंड मुक्ति मोर्चा | तीर-कमान | झारखंड |
| लोक जनशक्ति पार्टी | बंगला | बिहार |
| पैंथर्स पार्टी | साइकिल | जम्मू-कश्मीर |
| नेशनल कांफ्रेंस | हल | जम्मू-कश्मीर |
| शिवसेना | तीर-कमान | महाराष्ट्र |
| अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | दो पत्ती | तमिलनाडु |
| द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | उगता सूरज | तमिलनाडु, पुडुचेरी |
| जनता दल (यू) | तीर | बिहार, झारखंड |

**वर्तमान में मान्यता-प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल**

| दल | चुनाव चिह्न |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | कमल |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | पंजा |
| भारतीय साम्यवादी दल | हंसिया और बाली |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | घड़ी |
| बहुजन समाज पार्टी | हाथी (असम को छोड़कर) |
| मार्क्सवादी साम्यवादी दल | हसियां, हथौड़ा एवं तारा |
| आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस | फूल और घास |

| नये राज्यों का गठन वर्ष | |
|---|---|
| राज्य | गठन वर्ष |
| आंध्र प्रदेश | 1953 ई. |
| महाराष्ट्र | 1960 ई. |
| गुजरात | 1960 ई. |
| नगालैंड | 1963 ई. |
| हरियाणा | 1966 ई. |
| हिमाचल प्रदेश | 1971 ई. |
| मेघालय | 1972 ई. |
| मणिपुर, त्रिपुरा | 1972 ई. |
| सिक्किम | 1975 ई. |
| मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा | 1987 ई. |
| छत्तीसगढ़, उत्तराखंड एवं झारखंड | 2000 ई. |
| तेलंगाना | 2014 ई. |

## संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेद

- **अनुच्छेद 1 :** भारत 'राज्यों का संघ' है।
- **अनुच्छेद 3 :** संसद नए राज्य बना क्षेत्रों, सीमाओं एवं नामों में परिवर्तन कर सकती है।
- **अनुच्छेद 53:** संघ की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित रहेगी।
- **अनुच्छेद 64 :** उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष होगा।
- **अनुच्छेद 74 :** राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी, जिसके शीर्ष पर प्रधानमंत्री रहेगा।
- **अनुच्छेद 76 :** राष्ट्रपति द्वारा महान्यायवादी की नियुक्ति
- **अनुच्छेद 108 :** दोनों सदनों में गतिरोध हो तो संयुक्त अधिवेशन का प्रावधान है।
- **अनुच्छेद 110 :** धन विधेयक पारिभाषित।
- **अनुच्छेद 111 :** विधेयकों पर अनुमति
- **अनुच्छेद 112 :** प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु राष्ट्रपति द्वारा संसद के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण।
- **अनुच्छेद 123 :** संसद के सत्र नहीं चलने की स्थिति में राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने का अधिकार।
- **अनुच्छेद 124 :** सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन का वर्णन।
- **अनुच्छेद 148 :** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
- **अनुच्छेद 163 :** राज्यपाल के कार्यों में सहायता एवं सुझाव देने के लिए राज्यों में एक मंत्रिपरिषद् एवं इसके शीर्ष पर मुख्यमंत्री होगा।
- **अनुच्छेद 169 :** राज्यों में विधान परिषदों की रचना या उनकी समाप्ति विधान सभा द्वारा बहुमत से पारित प्रस्ताव तथा संसद द्वारा इसकी स्वीकृति से संभव है।
- **अनुच्छेद 213 :** राज्य विधायिका के सत्र में नहीं रहने पर राज्यपाल अध्यादेश जारी कर सकता है।
- **अनुच्छेद 214 :** राज्यों के लिए उच्च न्यायालय।
- **अनुच्छेद 226 :** मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए उच्च न्यायालय को लेख (रिट) जारी करने की शक्तियां।
- **अनुच्छेद 243 :** पंचायत एवं नगरपालिका से संबंधित प्रावधान।
- **अनुच्छेद 249 :** राज्य सभा विशेष बहुमत द्वारा राज्य सूची के किसी विषय पर कानून बनाकर राष्ट्रहित में कदम उठा सकती है।
- **अनुच्छेद 262 :** अंतरराज्यीय नदियों या नदी-घाटियों के वितरण एवं नियंत्रण से संबंधित विवादों के लिए संसद विधि द्वारा निर्णय कर सकती है।
- **अनुच्छेद 263 :** राष्ट्रपति अंतरराज्यीय परिषद की स्थापना कर सकता है।
- **अनुच्छेद 266 :** भारत की संचित निधि, जिससें विधि सम्मत प्रक्रिया के बिना कोई भी राशि नहीं निकाली जा सकती है।
- **अनुच्छेद 267 :** संसद विधि द्वारा आकस्मिक निधि स्थापित कर सकती है।
- **अनुच्छेद 275 :** केंद्र द्वारा राज्यों को सहायक अनुदान दिए जाने का प्रावधान।
- **अनुच्छेद 280 :** राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पांचवें वर्ष वित्त आयोग की स्थापना।
- **अनुच्छेद 300 (क) :** राज्य किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं करेगा।
- **अनुच्छेद 312 :** राज्य सभा द्वारा विशेष बहुमत से नई अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन।
- **अनुच्छेद 315 :** संघ एवं राज्यों के लिए एक लोक सेवा आयोग की स्थापना।
- **अनुच्छेद 324 :** चुनावों के पर्यवेक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण हेतु एक चुनाव आयोग की स्थापना।
- **अनुच्छेद 326 :** लोक सभा तथा विधान सभाओं में चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होगा।
- **अनुच्छेद 330 :** अनुसूचित जाति-जनजाति का लोक सभा में आरक्षण।
- **अनुच्छेद 331 :** आंग्ल-भारतीय समुदाय के लोगों का लोक सभा मनोनयन।

☞ **अनुच्छेद 332 :** अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का विधान सभाओं में आरक्षण का प्रावधान।

☞ **अनुच्छेद 333 :** आंग्ल-भारतीय समुदाय के लोगों का विधान सभाओं में राज्यपाल द्वारा मनोनयन।

☞ **अनुच्छेद 343 :** संघ की आधिकारिक भाषा 'हिन्दी' होगी और लिपि देवनागरी होगी।

☞ **अनुच्छेद 352 :** राष्ट्रपति द्वारा आपात स्थिति की घोषणा, भारत या किसी भाग की सुरक्षा युद्ध, बाह्य आक्रमण या सैन्य विद्रोह के फलस्वरूप खतरे में है।

☞ **अनुच्छेद 356 :** राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य में संवैधानिक तंत्र असफल होने की सिफारिश पर राष्ट्रपति शासन

☞ **अनुच्छेद 360 :** वित्तीय आपात का प्रावधान है।

☞ **अनुच्छेद 368 :** संसद को संविधान का संशोधन करने की शक्ति है।

☞ **अनुच्छेद 370 :** जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति।

☞ **अनुच्छेद 371 :** कुछ राज्यों के विशेष क्षेत्रों के विकास के लिए प्रावधान।

## संविधान के महत्वपूर्ण संशोधन

☞ **पहला संशोधन** : इस संशोधन द्वारा संविधान में नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया जिसमें उल्लिखित कानूनों को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्तियों के अंतर्गत परीक्षा नहीं की जा सकती है।

☞ **सातवां संशोधन** : भाषायी आधार पर राज्यों का पुनर्गठन जिसमें पहले के चार श्रेणियों में राज्यों के वर्गीकरण को समाप्त कर 14 राज्यों एवं 6 केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया।

☞ **चौबीसवां संशोधन** : संसद संविधान के किसी भी भाग जिसमें मूल अधिकार भी हैं, को संशोधित कर सकती है।

☞ **इकतीसवां संशोधन** : लोक सभा के सदस्यों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 कर दी गई तथा केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व 25 से घटाकर 20 कर दिया गया।

☞ **छत्तीसवां संशोधन** : सिक्किम को भारत का बाईसवां राज्य बनाया गया।।

☞ **बयालीसवां संशोधन** : संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' 'पंथनिरपेक्ष' और अखण्डता' शब्द जोड़े गए। मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया (भाग iv क) तथा राष्ट्रपति को कैबिनेट की सलाह के लिए बाध्यता।

☞ **चौवालीसवां संशोधन** : राष्ट्रीय आपात स्थिति लागू करने हेतु 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' का आधार रखा गया। संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों के भाग से हटा कर विधिक (कानूनी) अधिकारों की श्रेणी में रख दिया गया।

☞ **बावनवां संशोधन** : इस संशोधन के द्वारा राजनीतिक दल-बदल पर निरर्हता का निर्धारण।

☞ **इकसठवां संशोधन** : **(1989 ई.)** : मतदान के लिए आयु-सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया।

☞ **उनहत्तरवां संशोधन (1991 ई.)** : दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र बनाया गया तथा वहां विधान सभा और मंत्रिपरिषद् का उपबंध किया गया।

☞ **सत्तरवां संशोधन (1992 ई.)** : दिल्ली और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्रों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों को राष्ट्रपति के निर्वाचन हेतु निर्वाचक मंडल में शामिल किया गया।

☞ **तिहत्तरवां संशोधन (1992 ई.)**: इसके अंतर्गत संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची जोड़ कर पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

☞ **चौहत्तरवां संशोधन (1992 ई.)**: इसके अंतर्गत संविधान में बारहवीं अनुसूची शामिल की गयी, जिसमें नगरीय स्वशासन से संबंधित प्रावधान किया गया है।

☞ **चौरासीवां संशोधन (2001 ई.)**: इस संशोधन अधिनियम द्वारा यह प्रावधान किया गया कि लोक सभा तथा विधान सभाओं की सीटों की संख्या में वर्ष 2026 तक कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

☞ **छियासीवां संशोधन (2002 ई.)**: देश के 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई जिसे **अनुच्छेद 21 (क)** के अन्तर्गत संविधान में जोड़ा गया है।

☞ **इक्यानबेवां संशोधन (2003 ई.)**: दल-बदल से संबंधित नियम तथा राज्य में मंत्रिपरिषद के सदस्य संख्या क्रमशः लोक सभा एवं विधान सभा की सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत होगा बशर्ते राज्य में मंत्रियों की कुल संख्या मुख्यमंत्री सहित 12 से कम न हो।

☞ **बानबेवां संशोधन (2003 ई.)**: आठवीं अनुसूची में बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषाओं का समावेश। कुल 22 भारतीय भाषाएं संविधान में स्थापित।

☞ **सत्तानबेवां संशोधन (2011 ई.)**: सहकारी समिति बनाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार बन गया (अनु. 19)।

☞ 'सहकारी समितियां' नाम से एक नया भाग ix-ख संविधान में जोड़ा गया।

☞ सौवां संशोधन (2015 ई.) : भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि हस्तांतरण हेतु संशोधन।

☞ 101वां संशोधन (2016 ई.) : वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) से संबंधित।

☞ 102वां संशोधन (2018 ई.) : पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से संबंधित।

## राजभाषा

- ☞ अनुच्छेद 343 में संघ की आधिकारिक भाषा का प्रावधान।
- ☞ भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्य **भाषाओं** की संख्या **22** है।
- ☞ उत्तराखंड राज्य ने जनवरी, 2010 में **संस्कृत** भाषा को राज्य की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था।
- ☞ **उर्दू** उत्तर प्रदेश राज्य की दूसरी राजभाषा है।
- ☞ **नगालैंड** की राजभाषा **अंग्रेजी** है।

## पंचायत तथा स्थानीय स्वशासन

- ☞ भारतीय संविधान के **भाग 9** में पंचायतों से संबंधित प्रावधान है।
- ☞ **सामुदायिक विकास कार्यक्रम** 2 अक्टूबर, 1952 को प्रारंभ किया गया।
- ☞ भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक वायसराय **लॉर्ड रिपन** को माना जाता है।
- ☞ पंचायती राज राज्य सरकार का विषय है।
- ☞ पंचायतों के लिए **'बलवंत राय मेहता समिति'** का गठन वर्ष 1957 में किया गया।
- ☞ 'बलवंत राय मेहता समिति' ने तीन स्तरीय पंचायती व्यवस्था गठित करने की सिफारिश की।
- ☞ पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम **राजस्थान** के **नागौर जिले** में प्रारंभ की गई।
- ☞ नागौर में पंचायती राज व्यवस्था का उद्घाटन **2 अक्टूबर, 1959** को किया गया।
- ☞ राजस्थान के बाद **आंध्र प्रदेश** ने अपने यहां पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया।
- ☞ पंचायतों के लिए '**अशोक मेहता समिति**' का गठन वर्ष 1977 में किया गया।
- ☞ 'अशोक मेहता समिति' ने द्विस्तरीय पंचायत व्यवस्था की सिफारिश की थी।
- ☞ वर्ष 1986 में **'एल.एम. सिंघवी समिति'** ने सर्वप्रथम पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की सिफारिश की थी।
- ☞ **73वें संविधान संशोधन अधिनियम**, 1992 के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक मान्यता प्रदान की जा सकी।
- ☞ **उत्तर प्रदेश** में पंचायती राज संस्थाओं में **महिलाओं** के लिए कुल स्थानों का **1/3 आरक्षित** है।
- ☞ 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में तीन-स्तरीय पंचायत व्यवस्था है।
- ☞ सभी स्तरों की पंचायतों का कार्यकाल **5 वर्ष** होता है।
- ☞ **ग्राम सभा** का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से वयस्क मताधिकार द्वारा होता है।
- ☞ संविधान के **अनुच्छेद 243(घ)** में प्रावधान है कि पंचायत के सभी स्तरों पर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए उनके अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाएगा तथा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।
- ☞ विघटन की दशा में 6 माह के भीतर **पंचायत** का चुनाव होना आवश्यक है।
- ☞ पंचायतों की शक्तियों तथा उनके उत्तरदायित्वों के निर्वहन से संबंधित 29 विषयों का प्रावधान संविधान की **11वीं अनुसूची** में किया गया।
- ☞ **राज्य वित्त आयोग** राज्य सरकार तथा स्थानीय शासन के बीच राजस्व बंटवारे के लिए उत्तरदायी है।
- ☞ **पंचायत के चुनाव** कराने हेतु निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया जाता है।
- ☞ भारत में सर्वप्रथम **नगर निगम संस्था** की स्थापना **मद्रास (चेन्नई)** 1687 ई. में की गई।
- ☞ कोलकाता और मुंबई महानगरों में नगर निगमों की स्थापना वर्ष 1726 में की गई।
- ☞ **74वें संशोधन, 1992** द्वारा स्थानीय नगरीय शासन के संबंध में संविधान में उपबंध किया गया।
- ☞ **74वें संशोधन** द्वारा तीन प्रकार की (नगर पंचायत, नगरपालिका परिषद तथा नगर निगम) की व्यवस्था की गई।
- ☞ **73वें संशोधन** द्वारा तीन प्रकार (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत) की व्यवस्था की गई।
- ☞ नगर निकायों में महिलाओं के लिए 1/3 स्थान आरक्षित हैं।
- ☞ सभी स्तरों पर **नगर निकायों** का कार्यकाल 5 वर्ष होता है।
- ☞ 18 विषयों का उल्लेख भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में है जिनके संबंध में नगरपालिकाओं को विधि बनाने की शक्ति प्राप्त है।

## विविध

- ☞ **संयुक्त राष्ट्र** संघ की स्थापना वर्ष 1945 में हुई थी।
- ☞ **24 अक्टूबर** को **'संयुक्त राष्ट्र दिवस'** मनाया जाता है।
- ☞ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों की संख्या 5 है।
- ☞ अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी, रूसी, अरबी और स्पेनी संयुक्त राष्ट्र संघ की **अधिकृत भाषाएं** हैं।
- ☞ संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में **यू.** थॉट का कार्यकाल सर्वाधिक (1961-71) रहाहै।
- ☞ संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव नार्वे के **त्रिग्वेली** (1946-52) थे।
- ☞ चतुर्थ संपदा (Fourth Estate) समाचार-पत्र को निर्दिष्ट करती है।

☞ लोकप्रिय प्रभुसत्ता का समर्थन **रूसो** ने किया था।

☞ **फ्रांस की क्रांति** का प्रसिद्ध नारा स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व था।

☞ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या **15** है।

☞ एक बार पूरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर कोई न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में **9 वर्ष की अवधि** तक काम करता है।

☞ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय **'द हेग'** (नीदरलैंड) में है।

☞ दल-रहित लोकतंत्र के पक्ष में **लोकनायक जयप्रकाश नारायण** थे।

☞ संप्रभुता राज्य का अनिवार्य लक्षण है।

☞ तीन प्रमुख राजनेता, जवाहरलाल नेहरू, अब्दुल नासिर तथा मार्शल टीटो ने गुट निरपेक्ष आंदोलन को प्रांरभ किया।

| अनुसूची | संबंधित विषय |
|---|---|
| 1.पहली अनुसूची | राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र का वर्णन। |
| 2.दूसरी अनुसूची | मुख्य पदाधिकारियों के वेतन-भत्ते **भाग-क-** राष्ट्रपति और राज्यपाल के वेतन-भत्ते, **भाग-ग-**लोक सभा तथा विधान सभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, राज्य सभा तथा विधान परिषद के सभापति तथा उपसभापति के वेतन-भत्ते, **भाग-घ-**उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन-भत्ते, **भाग-ङ-**भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के वेतन-भत्ते। |
| 3.तीसरी अनुसूची | व्यवस्थापिका के सदस्य, मंत्री, न्यायाधीशों आदि के लिए शपथ लिए जाने वाले प्रतिज्ञान के प्रारूप दिए गए हैं। |
| 4.चौथी अनुसूची | राज्य सभा में स्थानों का आवंटन राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों से। |
| 5.पांचवीं अनुसूची | अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जन-जातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित उपबंध। |
| 6.छठी अनुसूची | असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के विषय में उपबंध। |
| 7.सातवीं अनुसूची | विषयों के वितरण से संबंधित **सूची-1** संघ सूची **सूची 2**-राज्य सूची **सूची 3**-समवर्ती सूची। |
| 8.आठवीं अनुसूची | भाषाएं-22 भाषाओं का उल्लेख। |
| 9.नवीं अनुसूची | विशिष्ट अधिनियमों का विधिमान्य-करण। |
| 10.दसवीं अनुसूची | दल परिवर्तन निषेध संबंधी उपबंध। |
| 11.ग्यारहवीं अनुसूची | पंचायती राज से संबंधित। |
| 12.बारहवीं अनुसूची | नगरीय स्थानीय स्वशासन। |

## भारत के राष्ट्रीय चिह्न

- **राष्ट्रीय प्रतीक :** सारनाथ स्थित अशोक का सिंह स्तम्भ, भारत सरकार ने इसे 26 जनवरी, 1950 ई. को अपनाया। प्रतीक के नीचे **मुंडकोपनिषद्** में लिखा सूत्र '**सत्यमेव जयते**' देवनागरी लिपि में अंकित है।
- **राष्ट्रीय ध्वज :** तीन पट्टियों वाला तिरंगा, ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग है। सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है, जिसमें 24 तीलियां हैं, जिसे सारनाथ में अशोक के सिंह स्तम्भ पर बने चक्र से लिया गया है। ध्वज की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3: 2 है। ध्वज का प्रारूप 22 जुलाई, 1947 ई. को अपनाया गया।
- **राष्ट्र गान :** रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित 'जन-गण-मन' को संविधान सभा ने 24 जनवरी, 1950 ई. को भारत का 'राष्ट्र गान' स्वीकार किया इसके गायन का समय 52 सेकण्ड है तथा संक्षिप्त गायन की अवधि 20 सेकण्ड है जिसमें इसकी प्रथम और अंतिम पंक्तियां गायी जाती हैं।
- **राष्ट्र गीत :** बंकिमचन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनन्दमठ' में उन्हीं के द्वारा रचित 'वन्दे मातरम्' को राष्ट्र गीत के रूप में 24 जनवरी, 1950 ई. को स्वीकार किया गया।
- **राष्ट्रीय कैलेन्डर :** ग्रिगेरियन कैलेन्डर के साथ शक संवत् पर आधारित राष्ट्रीय पंचांग को सरकारी प्रयोग के लिए 22 मार्च, 1957 ई. को अपनाया गया।
- **राष्ट्रीय पुष्प :** कमल (नेलम्बों न्यूसिफेरा गार्टन)
- **राष्ट्रीय पक्षी :** मयूर (पावो क्रिस्टेटस)।
- **राष्ट्रीय पशु :** बाघ (पैंथरा टाइग्रिस लिन्नायस)
- **राष्ट्रीय फल :** आम (मैंगीफेरा इंडिका)
- **राष्ट्रीय वृक्ष :** बरगद (फाइकस बेंघालेंसिस)
- **राष्ट्रीय जलीय जीव :** गंगा डॉल्फिन
- **राष्ट्रीय नदी :** गंगा